
# अब बनेगा आगरा–कानपुर एक्सप्रेसवे, साढ़े तीन घंटे में तय होगी दूरी

**जासं, आगरा :** आगरा को जल्द ही एक और एक्सप्रेसवे मिलेगा। आगरा-कानपुर एक्सप्रेसवे के लिए उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। एक्सप्रेसवे के निर्माण से होने वाले पर्यावरणीय प्रभाव का भी अध्ययन किया जा रहा है। एक्सप्रेसवे बनने से आगरा से कानपुर पहुंचने में साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा। अभी यह सफर तय करने में चार घंटे लगते हैं।

वर्तमान में आगरा में यमुना एक्सप्रेसवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे संचालित हैं। इसके साथ ही आगरा-ग्वालियर और आगरा-अलीगढ़ एक्सप्रेसवे पर कार्य चल रहा है। अब आगरा से कानपुर के बीच नया एक्सप्रेसवे बनाए जाने की तैयारी है। यह एक्सप्रेसवे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल से कराया जाएगा। यूपीडा के एक अधिकारी ने बताया कि आगरा से कानपुर की दूरी 287 किमी है। वर्तमान में नेशनल हाईवे-19 पर होकर आग से कानपुर पहुंचने में साढ़े चार घंटे लगते हैं। वहीं लखनऊ एक्सप्रेसवे से चार घंटे का समय लगता है। हालांकि अब नया एक्सप्रेसवे बनने से दूरी कम होने के साथ वाहनों की गति सीमा भी बढ़ जाएगी। इससे आगरा से कानपुर पहुंचने में साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा।

- **यूपीडा को मिली है जिम्मेदारी, फिजिबिलिटी रिपोर्ट की जा रही है तैयार**
- **एक्सप्रेसवे बनने से कम होगी दूरी, दोनों ओर तेजी से होगा विकास**



## न्यू दक्षिणी बाइपास

इस वर्ष 31 मार्च को न्यू दक्षिणी बाइपास पर वाहनों का आवागमन चालू हो जाएगा। नेशनल हाईवे-19 स्थित रैपुरा जाट से मिढावली हाथरस तक बन रहा है। इस निर्माण से रुनकता से कुबेरपुर के बीच वाहनों का दबाव कम होगा।

## तीसरे चरण की रोड होगी चालू

इनर रिंग रोड के तीसरे चरण की रोड का निर्माण तेज गति से चल रहा है। यह कार्य मई तक पूरा हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आगरा खंड द्वारा देवरी रोड से बाद गांव तक तीसरी चरण की रोड बनाई जा रही है।

## यह होगा फायदा

आगरा-कानपुर एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा। इसके साथ ही सर्विस रोड तैयार कराई जाएगी। सेवानिवृत्त इंजीनियर बीके चौहान ने बताया कि एक्सप्रेसवे बनने से दोनों ओर तेजी से विकास होगा। नए औद्योगिक क्षेत्र से लेकर नए उद्योग लगेंगे। एक्सप्रेसवे बनने से ईंधन के साथ ही समय की भी बचत होगी।

## 10 को खुलेगा ग्वालियर एक्सप्रेसवे का टेंडर

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 10 जनवरी को आगरा-ग्वालियर एक्सप्रेसवे का टेंडर खोला जाएगा। 88 किमी लंबे एक्सप्रेसवे की लागत 4200 करोड़ रुपये होगी। इससे आगरा से ग्वालियर की दूरी महज एक से डेढ़ घंटे में पूरी हो सकेगी। एक्सप्रेसवे आगरा की तीन तहसीलों सदर, फतेहाबाद और खेरागढ़ से होकर गुजरेगा। चंबल नदी पर हैंगिंग पुल बनेगा।

## जून से चालू होगा कार्य

आगरा-अलीगढ़ एक्सप्रेसवे का निर्माण इस वर्ष जून में शुरू हो जाएगा। 65 किमी लंबा एक्सप्रेसवे 1620 करोड़ रुपये से बनेगा। इसे खंदौली स्थित यमुना एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा के पास जोड़ा जाएगा। यह एक्सप्रेसवे असरोई हाथरस से होकर गुजरेगा। इसे दो भाग में बनाया जाएगा।